द्वि. श्रे. अध्या. परीक्षा 2016

पुस्तिका में पृष्ठों की संख्या / No. of Pages in Booklet 16

पुस्तिका में प्रश्नों की संख्या / No. of Questions in Booklet 150

प्रश्न-पत्र पुस्तिका संख्या / Question Paper Booklet No. 3137817

**Subject Code – 01**

विषय / SUBJECT : Hindi

# TS-71

## PAPER-II

समय : $2\frac{1}{2}$ घण्टे

Time : $2\frac{1}{2}$ Hours

अधिकतम अंक : 300

Maximum Marks : 300

### परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।
2. **सभी** प्रश्नों के अंक समान हैं ।
3. प्रत्येक प्रश्न का केवल **एक** ही उत्तर दीजिए ।
4. एक से अधिक उत्तर देने की दशा में प्रश्न के उत्तर को गलत माना जाएगा ।
5. प्रत्येक प्रश्न के चार वैकल्पिक उत्तर दिये गये हैं, जिन्हें क्रमश: 1, 2, 3, 4 अंकित किया गया है । अभ्यर्थी को सही उत्तर निर्दिष्ट करते हुए उनमें से केवल एक गोले अथवा बबल को उत्तर-पत्रक पर **नीले बॉल प्वाइंट पेन** से गहरा करना है ।
6. OMR उत्तर पत्र इस परीक्षा-पुस्तिका के अन्दर रखा है । जब आपको परीक्षा पुस्तिका खोलने को कहा जाए, तो उत्तर पत्र निकाल कर ध्यान से केवल **नीले** बॉल पॉइंट पेन से विवरण भरें ।
7. **प्रत्येक गलत उत्तर के लिए प्रश्न अंक का 1/3 भाग काटा जायेगा ।** गलत उत्तर से तात्पर्य अशुद्ध उत्तर अथवा किसी भी प्रश्न के एक से अधिक उत्तर से है । किसी भी प्रश्न से संबंधित गोले या बबल को खाली छोड़ना गलत उत्तर नहीं माना जायेगा ।
8. **प्रश्न-पत्र पुस्तिका एवं उत्तर-पत्रक के पॉलिथीन बैग/सील को खोलने पर परीक्षार्थी यह सुनिश्चित कर लें कि उसके प्रश्न-पत्र पुस्तिका पर वही प्रश्न-पत्र पुस्तिका संख्या अंकित है जो उत्तर-पत्रक पर अंकित है । इसमें कोई भिन्नता हो तो वीक्षक से दूसरा प्रश्न-पत्र प्राप्त कर लें । ऐसा सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी अभ्यर्थी की होगी ।**
9. मोबाइल फोन अथवा इलेक्ट्रोनिक यंत्र का परीक्षा हॉल में प्रयोग पूर्णतया वर्जित है । यदि किसी अभ्यर्थी के पास ऐसी कोई वर्जित सामग्री मिलती है तो उसके विरुद्ध आयोग द्वारा नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी ।
10. कृपया अपना रोल नम्बर ओ.एम.आर. पत्रक पर सावधानीपूर्वक सही भरें । गलत अथवा अपूर्ण रोल नम्बर भरने पर **5 अंक** कुल प्राप्तांकों में से काटे जा सकते हैं ।

**चेतावनी :** अगर कोई अभ्यर्थी नकल करते पकड़ा जाता है या उसके पास से कोई अनधिकृत सामग्री पाई जाती है, तो उस अभ्यर्थी के विरुद्ध पुलिस में प्राथमिकी दर्ज कराते हुए विविध नियमों-प्रावधानों के तहत कार्यवाही की जाएगी । साथ ही विभाग ऐसे अभ्यर्थी को भविष्य में होने वाली विभाग की समस्त परीक्षाओं से विवर्जित कर सकता है ।

### INSTRUCTIONS FOR CANDIDATES

1. Answer **all** questions.
2. **All** questions carry equal marks.
3. Only **one** answer is to be given for each question.
4. If more than one answers are marked, it would be treated as wrong answer.
5. Each question has four alternative responses marked serially as **1, 2, 3, 4**. You have to darken only one circle or bubble indicating the correct answer on the Answer Sheet using **BLUE BALL POINT PEN.**
6. The OMR Answer Sheet is inside this Test Booklet. When you are directed to open the Test Booklet, take out the Answer Sheet and fill in the particulars carefully with **blue** ball point pen only.
7. **1/3 part of the mark(s) of each question will be deducted for each wrong answer.** (A wrong answer means an incorrect answer or more than one answers for any question. Leaving all the relevant circles or bubbles of any question blank will not be considered as wrong answer.)
8. **The candidate should ensure that Question Paper Booklet No. of the Question Paper Booklet and Answer Sheet must be same after opening the polythene bag/seal. In case they are different, a candidate must obtain another Question Paper. Candidate himself shall be responsible for ensuring this.**
9. Mobile Phone or any other electronic gadget in the examination hall is strictly prohibited. A candidate found with any of such objectionable material with him/her will be strictly dealt as per rules.
10. Please correctly fill your Roll Number in O.M.R. Sheet. **5 Marks** can be deducted for filling wrong or incomplete Roll Number.

***Warning :*** *If a candidate is found copying or if any unauthorized material is found in his/her possession, F.I.R. would be lodged against him/her in the Police Station and he/she would liable to be prosecuted. Department may also debar him/her permanently from all future examinations.*

**इस परीक्षा पुस्तिका को तब तक न खोलें जब तक कहा न जाए ।**

**Do not open this Test Booklet until you are asked to do so.**

CONFIDENTIAL

01

1. निम्नांकित में 'विस्मयादिबोधक अव्यय' का उदाहरण है :
(1) मानो (2) ताकि
(3) यदि (4) वाह

2. निम्न में से किस विकल्प में सभी शब्द जातिवाचक संज्ञा हैं ?
(1) भारत, रामायण, मोहन
(2) पुस्तक, पहाड़, नदी
(3) जयपुर, लड़की, बुढ़ापा
(4) गंगा, हिमालय, मनुष्य

3. निम्न में से किस विकल्प में सभी शब्द भाववाचक संज्ञा नहीं हैं ?
(1) मिठास, शिष्टता, माहात्म्य
(2) राष्ट्रीयता, देवत्व, माधुर्य
(3) नम्रता, दासता, व्यावहारिक
(4) दानव, मनुष्य, ब्राह्मण

4. निम्न में से किस वाक्य में सम्बन्धवाचक सर्वनाम का प्रयोग नहीं हुआ है ?
(1) आप जो न करो, सो थोड़ा है ।
(2) जितना गुड़ डालोगे, उतना मीठा होगा ।
(3) तुम अपनी पुस्तक पढ़ो ।
(4) जैसी करनी, वैसी भरनी ।

5. प्रेरणार्थक क्रिया का उदाहरण नहीं है –
(1) गोविन्द ने राम को जगवाया ।
(2) रमेश मजदूर से पेड़ कटवाता है ।
(3) प्रशान्त अनिल से पत्र लिखवाता है ।
(4) वह खाना खाकर सो गया ।

6. निम्न वाक्यों में से कौन सा वाक्य मिश्र वाक्य नहीं है ?
(1) बादल खूब गरजे किन्तु वर्षा नहीं हुई ।
(2) जो परिश्रम करते हैं, वे सफल होते हैं ।
(3) प्रमोद ने कहा कि मैं गाँव नहीं जाऊँगा ।
(4) यौवन वह काल है, जब चरित्र का निर्माण होता है ।

7. द्वन्द्व समास किस शब्द में नहीं है ?
(1) हरिहर (2) शीतोष्ण
(3) गौरीशंकर (4) मंत्रि–परिषद्

8. किस समास में विशेषण–विशेष्य या उपमेय–उपमान का सम्बन्ध होता है ?
(1) संबंध तत्पुरुष समास (2) कर्मधारय समास
(3) अव्ययीभाव समास (4) द्वन्द्व समास

9. 'वागीश' शब्द का संधि–विच्छेद है –
(1) वाग् + ईश (2) वाक् + ईश
(3) वाग + ईश (4) वागी + ईश

10. इनमें से 'विशेषण उपवाक्य' है –
(1) गुरुजी ने कहा कि वे आज नहीं आएँगे ।
(2) जो रुपए मुझे मिले थे, वे खर्च हो गए ।
(3) मैं ज्योंही वहाँ पहुँचा, वह चला गया ।
(4) यदि वह कहेगा तो मैं भी चलूँगा ।

11. इनमें से कौन सा वाक्य 'संयुक्त वाक्य' है ?
(1) पुलिस ने उस लड़के को पकड़ लिया जिसने चोरी की थी ।
(2) यह वही मकान है जिसमें मैं रहता था ।
(3) बच्चे को उसकी पुस्तकें लौटा दो ।
(4) लड़का आया किन्तु वह रुका नहीं ।

12. निम्नलिखित में से किस शब्द में व्यंजन संधि है ?
(1) नमस्ते (2) नीरस
(3) तदनुसार (4) अत्याचार

13. इनमें से किस शब्द में 'अपादान तत्पुरुष' समास है ?
(1) पदच्युत (2) शोकाकुल
(3) बाढ़पीड़ित (4) हस्तलिखित

14. किस शब्द में 'प्र' उपसर्ग नहीं है ?
(1) प्रज्वलित (2) प्रत्यक्ष
(3) प्रचार (4) प्रकाशित

15. इनमें से किस शब्द में 'गार' प्रत्यय नहीं है ?
(1) मददगार (2) गुनहगार
(3) यादगार (4) उद्गार

16. इनमें से कौन सा शब्द 'सखी' का पर्यायवाची नहीं है ?
(1) सहचरी (2) ललना
(3) आली (4) सहेली

17. इनमें से किस विकल्प में विलोम शब्द हैं ?
(1) खंडन – मंडन
(2) ख्यात – प्रख्यात
(3) विज्ञ – अभिज्ञ
(4) कदाचार – दुराचार

18. इनमें से कौन सा शब्द 'वाणी' के अनेकार्थ में से नहीं है ?
(1) वचन (2) सरस्वती
(3) तीर (4) रसना

19. किस विकल्प में युग्म-शब्द का अर्थ-भेद सुमेलित नहीं है ?
(1) ग्रह-गृह = नक्षत्र-घर
(2) प्रेक्षक-प्रेषक = भेजनेवाला-देखनेवाला
(3) दिन-दीन = दिवस-असहाय
(4) अभिराम-अविराम = सुंदर-लगातार

20. 'जिसका काम या प्रयोजन सिद्ध हो चुका हो' वाक्यांश के लिए 'एक शब्द' है –
(1) कृतज्ञ (2) प्रत्युत्पन्नमति
(3) उऋण (4) कृतकार्य

21. निम्नांकित में अशुद्ध शब्द है :
(1) द्रष्टव्य (2) अतिशयोक्ति
(3) उछृंखल (4) गत्यवरोध

22. निम्न में कौन सा गुण-संधि का उदाहरण नहीं है ?
(1) सर्वेश्वर (2) गंगोर्मि
(3) महर्षि (4) पृथ्वीश्वर

23. 'अति' उपसर्ग से बना हुआ शब्द नहीं है –
(1) अतिक्रमण (2) अत्याचार
(3) अतिथि (4) अतिरिक्त

24. निम्न में से 'पुत्री' शब्द के पर्यायवाची शब्द का समूह कौन सा है ?
(1) अचला, वसुधा, बेटी, लड़की
(2) सुता, लाली, अचला, वसुमति
(3) अबला, तरुणी, श्यामा, कान्ता
(4) तनया, आत्मजा, नन्दिनी, तनुजा

25. 'द्विज' शब्द का सही अर्थ समूह है –
(1) ब्राह्मण, सूर्य, स्त्री
(2) पक्षी, दाँत, चन्द्रमा
(3) पक्षी, सारंग, पृथ्वी
(4) ब्राह्मण, कमल, देवता

26. 'जरठ-जठर' शब्द-युग्म का अर्थ है –
(1) जड़ीबूटी – शरीर (2) वृद्ध – ज्वाला
(3) जवान – पेट (4) बूढ़ा – पेट

27. 'उत्तर व पूर्व के मध्य की दिशा' वाक्यांश के लिए सार्थक शब्द है –
(1) ईशान (2) वायव्य
(3) आग्नेय (4) नैर्ऋत्य

28. इनमें से शुद्ध शब्द है –
(1) सुश्रुषा (2) सुश्रूशा
(3) शुश्रूशा (4) शुश्रूषा

29. निम्नलिखित में से कौन सा वाक्य अशुद्ध है ?
(1) सोदाहरण सहित उत्तर दीजिए ।
(2) कृपया मेरी प्रार्थना स्वीकार करें ।
(3) दोनों भाई परस्पर लड़ पड़े ।
(4) मैंने गृह-कार्य कर लिया है ।

30. "बड़ों के साथ छोटों की भी निभ जाती है ।" यह अर्थ बताने वाली लोकोक्ति कौन सी है ?
(1) यथा राजा तथा प्रजा
(2) गंगा गए गंगादास, यमुना गए यमुनादास
(3) बाप न मारी मेंढकी बेटा तीरंदाज
(4) हाथी के पाँव में सबका पाँव समाय

ध्यातव्य – प्र. 31 से 34 तक के उत्तर निम्नांकित अपठित गद्यांश से दें :

अपठित गद्यांश

प्राय: देखा जाता है कि अधिक आशावादी लोग थोड़ा-सा प्रयत्न करके अधिक फल की आशा करने लगते हैं; किंतु अभीप्सित फल प्राप्त न होने पर निराश हो जाते हैं । निराशा से प्रसन्नता और शांति नष्ट हो जाती है । निराशा का भाव अकेले नहीं आता । उसके साथ हीनता की भावना का जन्म होता है । तनावों का बवंडर आ जाता है । अत: मनुष्य के लिए अभीष्ट है कि आशा की किरणों से निराशा के निविड़ तम को निरन्तर विदीर्ण करता रहे ।

31. 'अभीप्सित' शब्द का क्या अर्थ है ?
(1) अच्छा (2) चाहा हुआ
(3) अधिक (4) शीघ्र

32. फल न मिलने पर कौन निराश हो जाते हैं ?
(1) अधिक आशावादी व्यक्ति
(2) निष्काम व्यक्ति
(3) अधिक परिश्रमी व्यक्ति
(4) आलसी व्यक्ति

33. निराशा को किसके समान बताया गया है ?
(1) प्रचंड आँधी के समान
(2) प्रलयंकारी बाढ़ के समान
(3) हिंसक प्राणी के समान
(4) घने अंधकार के समान

34. मानसिक अशांति का प्रमुख कारण क्या है ?
(1) आलस्य (2) अधिक परिश्रम
(3) निराशा (4) तनावग्रस्तता

35. संविधान की आठवीं अनुसूची में अब तक कितनी भाषाएँ सम्मिलित की जा चुकी हैं ?
(1) 20 (2) 21
(3) 22 (4) 23

36. उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा 1947 में गठित 'देवनागरी लिपि सुधार समिति' के अध्यक्ष कौन थे ?
(1) काका कालेलकर
(2) आचार्य नरेन्द्रदेव
(3) महादेव गोविन्द रानाडे
(4) विनोबा भावे

37. 'निंदक नियरे राखिए ......' कहकर कबीर निंदा करने वालों को अपने नजदीक रखने की सलाह क्यों दे रहे हैं ?

(1) वे कभी न कभी तो तारीफ करेंगे ही ।

(2) समाज में अच्छे-बुरे सभी से मिलकर रहना चाहिए ।

(3) उनसे दूसरों की निंदा सुनने का मौका मिलता है ।

(4) वे हमारी कमियाँ दूर करके हमारे अंदर अच्छाई का संचार करते हैं ।

38. माखनलाल चतुर्वेदी द्वारा रचित 'पुष्प की अभिलाषा' में पुष्प ने क्या इच्छा व्यक्त की है ?

(1) देवमूर्ति पर चढ़ाए जाने की ।

(2) राष्ट्र बलिदानी सैनिकों के चरणस्पर्श करने की ।

(3) माला में गुंथने की ।

(4) सुरबाला के गहनों में सजने की ।

39. 'माता का आँचल' नामक पाठ किस उपन्यास का अंश है ?

(1) देहाती दुनिया (2) बहती गंगा

(3) वही बात (4) नदी के द्वीप

40. 'जॉर्ज पंचम की नाक' कहानी किसने लिखी है ?

(1) अज्ञेय (2) शिवपूजन सहाय

(3) कमलेश्वर (4) मधु कांकरिया

41. "साना-साना हाथ जोड़ि......" यात्रा-वृत्तांत में किस जगह की यात्रा का वर्णन किया गया है ?

(1) बस्तर के जंगलों की यात्रा का

(2) नागालैंड की यात्रा का

(3) गोवा के समुद्र तटों का

(4) गंतोक और उसके आगे हिमालय की यात्रा का

42. ऋतुराज की 'कन्यादान' कविता का केन्द्रीय विषय क्या है ?

(1) स्त्री का आदर्श रूप प्रस्तुत करना ।

(2) स्त्री की रोजगार संबंधी समस्या को रेखांकित करना ।

(3) स्त्री पर होने वाले अत्याचारों को दिखाना ।

(4) स्त्री के परंपरागत आदर्शीकरण का प्रतिकार करना ।

43. "डार द्रुम पलना बिछौना नव पल्लव के

× × × ×

प्रातहि जगावत गुलाब चटकारी दै ।"

उक्त कवित्त में देव ने बसंत को किस रूप में चित्रित किया है ?

(1) राजा के रूप में

(2) बालक के रूप में

(3) शांतिदूत के रूप में

(4) पथिक के रूप में

44. 'संगतकार' कविता किसके द्वारा लिखी गई है ?

(1) मंगलेश डबराल (2) नागार्जुन

(3) गिरिजाकुमार माथुर (4) जयशंकर प्रसाद

45. "स्वातंत्र्य उपासक महाराणा प्रताप" पाठ के आधार पर बताइए कि रहीम प्रताप की किस चारित्रिक महानता से प्रभावित हुआ ?

(1) सत्यवादिता

(2) संघर्षशीलता

(3) पराई स्त्री को माँ के समान मानना ।

(4) अभावग्रस्त होकर भी स्वाभिमान की रक्षा करना ।

46. लेखक विष्णुकांत शास्त्री और उनके साथी 'मुक्ति योद्धाओं के शिविर' में क्यों गए थे ?
(1) घायल सैनिकों की देखभाल करने के लिए
(2) युद्ध की खुफिया जानकारी लेने के लिए
(3) शांतिदूत के रूप में
(4) असामरिक सामग्री भेंट स्वरूप देने के लिए

47. "हिंदुन की चोटी रोटी राखी है सिपाहिन की,
कांधे में जनेऊ राख्यो माला राखी गर में ।"
उपर्युक्त पंक्तियों के रचनाकार कौन हैं ?
(1) बावजी चतुर सिंह जी
(2) बिहारी
(3) भूषण
(4) चंदबरदायी

48. 'अनोखी परीक्षा' कहानी का मूल विषय क्या है ?
(1) परमात्म तत्त्व की सर्वव्यापकता का उद्घाटन करना ।
(2) औघड़ महात्मा का चरित्रांकन करना ।
(3) जीव हत्या का विरोध करना ।
(4) शिष्य के गुणों की परख करना ।

49. 'बड़े घर की बेटी' कहानी का क्या उद्देश्य है ?
(1) घर-परिवार को बिखरने से बचाना ।
(2) पारिवारिक कलह का चित्रण करना ।
(3) छोटों की गलतियों को क्षमा कर देना ।
(4) नारी का महिमा मंडन करना ।

50. 'शरणदाता' कहानी का केन्द्रीय पात्र कौन है ?
(1) रफीकुद्दीन
(2) जैबू
(3) देविन्दरलाल
(4) शेख अताउल्लाह

51. 'देवसेना का गीत' प्रसाद की किस रचना से लिया गया है ?
(1) कामायनी से (2) स्कंदगुप्त से
(3) चंद्रगुप्त से (4) ध्रुवस्वामिनी से

52. अज्ञेय रचित 'यह दीप अकेला' कविता में दीपक किसका प्रतीक है ?
(1) व्यष्टि का (2) समष्टि का
(3) प्रकाश का (4) आशा का

53. जायसी रचित 'बारहमासा' कविता में किस नायिका की व्यथा-कथा चित्रित है ?
(1) पद्मावती (2) नागमती
(3) राजमती (4) हंसावती

54. 'कुटज' निबंध में मनुष्य के लिए क्या संदेश दिया गया है ?
(1) प्रकृति का संरक्षण करना चाहिए ।
(2) संकटों से घबराना चाहिए ।
(3) सामान्य वस्तुओं से मोह न करें ।
(4) सामान्य वस्तुओं में छिपे हुए विशेष गुणों को पहचानें ।

55. भीष्म साहनी की आत्मकथा का शीर्षक है –
(1) अतीत के चलचित्र
(2) अतीत की रेखाएँ
(3) आज के अतीत
(4) मेरा आज और कल

56. 'सूरदास की झोंपड़ी' प्रेमचन्द के किस उपन्यास का अंश है ?
(1) रंगभूमि (2) कर्मभूमि
(3) गोदान (4) निर्मला

57. 'बिस्कोहर की माटी' पाठ किस शैली में लिखा गया है ?
(1) लोक कथात्मक (2) यात्रा वृत्तांत
(3) संस्मरणात्मक (4) आत्मकथात्मक

58. "यह एक सच्चाई है, शक्ति ही जीवन और कमजोरी ही मृत्यु है । शक्ति परम सुख है, जीवन अजर-अमर है ।"
उपर्युक्त कथन किसका है ?
(1) स्वामी दयानन्द सरस्वती
(2) अबुल कलाम आज़ाद
(3) स्वामी विवेकानन्द
(4) वियोगी हरि

59. "तुलसी हाय गरीब की, कबहुं न निष्फल जाय ।
मरे बैल की चाम सों, लोह भस्म ह्वै जाय ।।"
उपर्युक्त पंक्तियाँ किस निबंध से उद्धृत हैं ?
(1) नींव की ईंट
(2) दीनों पर प्रेम
(3) गिल्लू
(4) नदी, आस्था और कुम्भ

60. "जगती-तल का मल धोने को,
गंगा-यमुना मैं बहा सकूँ ।"
उपर्युक्त पद्यांश किस कवि का है ?
(1) माखनलाल चतुर्वेदी
(2) सुभद्राकुमारी चौहान
(3) रामधारी सिंह 'दिनकर'
(4) श्यामनारायण पाण्डेय

61. निम्न में से अज्ञेय की रचनाओं का सही समूह कौन सा है ?
(1) आत्महत्या के विरुद्ध, भग्नदूत, सीढ़ियों पर धूप में
(2) भग्नदूत, चिन्ता, आँगन के पार द्वार
(3) हरी घास पर क्षणभर, यामा, स्वप्न भंग
(4) बावरा अहेरी, इत्यलम्, नीम के पत्ते

62. "पीठिका थी वह धुंधले प्रकाश की
कुछ तुकों और लयबद्ध पंक्तियों की ।"
उपर्युक्त पंक्तियाँ किस कविता से उद्धृत हैं ?
(1) कन्यादान से
(2) बादल से
(3) सरोज स्मृति से
(4) राम की शक्ति पूजा से

63. "हमारैं हरि हारिल की लकरी" कहकर गोपियाँ क्या संदेश देना चाहती हैं ?
(1) विरह वेदना का
(2) निर्गुण योग के खण्डन का
(3) उद्धव के तिरस्कार का
(4) एकनिष्ठ प्रेम का

64. निम्न में से कौन सी रचना तुलसी द्वारा रचित नहीं है ?
(1) बरवै रामायण
(2) अध्यात्म रामायण
(3) दोहावली
(4) जानकी मंगल

65. रसखान ने किससे दीक्षा प्राप्त की ?
(1) रामानन्द से
(2) तुलसीदास से
(3) वल्लभाचार्य से
(4) गोस्वामी विट्ठलनाथ से

66. "स्त्री गालियाँ सह लेती हैं, मार भी सह लेती हैं; पर मैके की निन्दा उनसे नहीं सही जाती ।"
उपर्युक्त पंक्ति प्रेमचन्द की किस रचना से उद्धृत है ?
(1) पंच परमेश्वर (2) बड़े घर की बेटी
(3) पूस की रात (4) नमक का दारोगा

67. "शास्त्र में लिखा है, जिसके पुत्र नहीं होता, उसकी मुक्ति नहीं होती।"

उपर्युक्त पंक्ति किस कहानी से उद्धृत है ?

(1) बड़े घर की बेटी
(2) जैसलमेर की राजकुमारी
(3) ताई
(4) खेल

68. "आह ! कितना भोला सौन्दर्य ! कितनी सरल चितवन!"

उपर्युक्त पंक्ति किस कहानीकार की है ?

(1) प्रेमचन्द
(2) जयशंकर प्रसाद
(3) जैनेन्द्र
(4) विश्वम्भरनाथ शर्मा 'कौशिक'

69. "खाऊ-उजाड़ू जीवन पद्धति के कारण हम अपनी सभ्यता, संस्कृति और धरती को उजाड़ने में लगे हुए हैं।"

'अपना मालवा...... ' पाठ के अनुसार यह खाऊ-उजाड़ू सभ्यता किसकी देन है ?

(1) चीन (2) पाकिस्तान
(3) अमेरिका (4) जापान

70. "यथास्मै रोचते विश्वम्" निबंध-संग्रह से उद्धृत है –

(1) विराम चिह्न
(2) भाषा और समाज
(3) इतिहास दर्शन
(4) भारतीय संस्कृति और हिन्दी प्रदेश

71. "हम दूरदर्शन पर बोलेंगे,
हम समर्थ शक्तिवान
हम एक दुर्बल को लाएँगे।"

उपर्युक्त पंक्तियाँ किस कवि की हैं ?

(1) अज्ञेय
(2) शमशेर बहादुर सिंह
(3) मुक्तिबोध
(4) रघुवीर सहाय

72. कुँवर नारायण की 'कविता के बहाने' रचना उनके किस काव्य-संग्रह में संकलित है ?

(1) कोई दूसरा नहीं (2) अपने सामने
(3) परिवेश : हम तुम (4) इन दिनों

73. महादेवी वर्मा द्वारा रचित 'भक्तिन' किस विधा की रचना है ?

(1) निबंध
(2) कहानी
(3) संस्मरणात्मक रेखाचित्र
(4) जीवनी

74. 'सिल्वर वैडिंग' कहानी का केन्द्रीय पात्र है –

(1) कृष्णानंद पांडे (किशनदा)
(2) यशोधर बाबू
(3) चंद्रदत्त तिवारी
(4) भूषण

75. 'अतीत में दबे पाँव' यात्रा-वृत्तांत के लेखक हैं

(1) मोहन राकेश (2) कमलेश्वर
(3) राजेन्द्र यादव (4) ओम थानवी

76. 'डायरी के पन्ने' नामक डायरी-अंश लेखिका ने किसको संबोधित करके लिखा है ?

(1) किट्टी को (2) पिता को
(3) माँ को (4) बहिन को

77. शब्द में अन्तर्निहित अर्थ को व्यक्त करने वाले व्यापार को क्या कहते हैं ?

(1) काव्य गुण (2) काव्य रीति
(3) शब्द शक्ति (4) अलंकार

78. गौड़ी रीति के संबंध में कौन सा कथन सही नहीं है ?

(1) इसमें उग्रपदों और समास की बहुलता होती है ।
(2) यह शृंगार रस की अभिव्यंजना के लिए उपयुक्त होती है ।
(3) इसमें मधुरता और सुकुमारता का अभाव रहता है ।
(4) यह ओज और कांति गुण से सम्पन्न होती है ।

79. "काव्यशोभाया: कर्तारो धर्मा गुणा: ।" काव्य गुण की यह परिभाषा किस आचार्य ने प्रस्तुत की है ?

(1) भामह (2) दंडी
(3) मम्मट (4) वामन

80. लोक या शास्त्र के विरुद्ध पदक्रम होने पर कौन सा काव्य दोष होता है ?

(1) दुष्क्रमत्व (2) ग्राम्यत्व
(3) अप्रतीतत्व (4) अक्रमत्व

81. "पागल-सी प्रभु के साथ सभा चिल्लायी ।"

उपमा अलंकार के उक्त उदाहरण में 'साधारण धर्म' कौन सा है ?

(1) सभा (2) चिल्लायी
(3) पागल-सी (4) प्रभु के साथ

82. इनमें से किस विकल्प में अलंकार और उदाहरण सुमेलित नहीं हैं ?

(1) श्लेष – सुबरन को ढूँढत फिरैं कवि, कामी अरु चोर ।
(2) रूपक – उदित उदयगिरि मंच पर रघुवर बाल पतंग ।
(3) असंगति – विष पीते हैं मेघ, विरहिणी प्राण निकलते ।
(4) यमक – हे उत्तरा के धन ! रहो तुम उत्तरा के पास ।

83. सरहपाद को हिंदी का प्रथम कवि मानने वाले विद्वान हैं –

(1) शिवसिंह सेंगर (2) मिश्रबंधु
(3) राहुल सांकृत्यायन (4) रामकुमार वर्मा

84. इनमें से किस विकल्प में रचना और रचनाकार सुमेलित नहीं हैं ?

(1) वर्ण रत्नाकर – ज्योतिरीश्वर ठाकुर
(2) परमाल रासो–दलपत विजय
(3) शब्दानुशासन – हेमचंद्र
(4) उक्ति–व्यक्ति–प्रकरण – दामोदर शर्मा

85. "भक्ति आंदोलन इस्लामी आक्रमण से पराजित हिंदू जनता की असहाय एवं निराश मन:स्थिति का परिणाम था ।"

यह कथन किसका है ?

(1) आचार्य रामचंद्र शुक्ल
(2) आचार्य हजारीप्रसाद द्विवेदी
(3) डॉ. रामकुमार वर्मा
(4) डॉ. नगेन्द्र

86. इनमें से किस विकल्प में रचना और रचनाकार सुमेलित नहीं हैं ?

(1) चंदायन – मुल्ला दाऊद

(2) अंगवधू – सुंदरदास

(3) रासपंचाध्यायी – नंददास

(4) बरवै रामायण – तुलसीदास

87. "हिंदी रीतिग्रंथों की अखंड परम्परा चिंतामणि त्रिपाठी से चली ।" यह कथन किसका है ?

(1) मिश्रबंधु

(2) विश्वनाथ प्रसाद मिश्र

(3) आचार्य रामचंद्र शुक्ल

(4) रमाशंकर शुक्ल 'रसाल'

88. इनमें से कौन सी रचना लक्षण ग्रंथ नहीं है ?

(1) ललितललाम (2) शिवराजभूषण

(3) भाषाभूषण (4) बिहारी सतसई

89. इनमें किस विकल्प में रचना और रचनाकार सुमेलित नहीं हैं ?

(1) अंधेर नगरी – भारतेन्दु हरिश्चंद्र

(2) परीक्षागुरु – श्रीनिवासदास

(3) वैदेही वनवास – मैथिलीशरण गुप्त

(4) कानो में कंगना – राधिकारमण सिंह

90. 'अंधेरे बंद कमरे' उपन्यास के रचनाकार हैं –

(1) मोहन राकेश (2) राजेन्द्र यादव

(3) निर्मल वर्मा (4) यशपाल

91. 'गीतफरोश' कविता के रचनाकार हैं –

(1) गिरिजाकुमार माथुर

(2) भवानीप्रसाद मिश्र

(3) धर्मवीर भारती

(4) शमशेर बहादुर सिंह

92. इनमें से किस विकल्प में कहानी और कहानीकार सुमेलित नहीं हैं ?

(1) यही सच है – उषा प्रियंवदा

(2) मलबे का मालिक – मोहन राकेश

(3) लंदन की एक रात – निर्मल वर्मा

(4) जिंदगी और जोंक – अमरकांत

93. इनमें से कौन सी बोली पश्चिमी हिन्दी के अन्तर्गत नहीं आती है ?

(1) बाँगरू (2) बुंदेली

(3) बघेली (4) कन्नौजी

94. "सघन कुंज, छाया सुखद, सीतल मंद समीर ।
मन ह्वै जात अजौ वहै, वा यमुना के तीर ।।"
पंक्तियों में शब्द शक्ति है –

(1) रूढ़ि लक्षणा

(2) प्रयोजनवती लक्षणा

(3) शाब्दी व्यंजना

(4) आर्थी व्यंजना

95. "मधुमय वसन्त जीवन-वन के ! बह अन्तरिक्ष की लहरों में ।
कब आये थे तुम चुपके-से, रजनी के पिछले पहरों में ?"
उपर्युक्त पंक्तियों में काव्य गुण है –

(1) प्रसाद गुण

(2) ओज गुण

(3) माधुर्य गुण

(4) ओज और प्रसाद गुण

96. जहाँ ऐसे शब्दों का प्रयोग हो जो किसी शास्त्र में प्रसिद्ध होने पर भी लोक व्यवहार में अप्रसिद्ध हों, वहाँ कौन सा काव्य दोष होता है ?

(1) क्लिष्टत्व (2) अप्रतीतत्व

(3) दुष्क्रमत्व (4) ग्राम्यत्व

97. "दृग उरझत, टूटत कुटुम, जुरत चतुर चित प्रीति ।
परति गाँठ दुरजन हिये, दई नई यह रीति ।।"
पंक्तियों में अलंकार है –
(1) विरोधाभास (2) भ्रांतिमान
(3) विभावना (4) असंगति

98. "प्रबल जो तुम में पुरुषार्थ हो ।
सुलभ कौन तुम्हें न पदार्थ हो ।
प्रगति के पथ में विचरो उठो ।
भुवन में सुख-शान्ति भरो उठो ।।"
पंक्तियों में प्रयुक्त छन्द है –
(1) दुर्मिल सवैया (2) मदिरा सवैया
(3) सुन्दरी सवैया (4) द्रुतविलम्बित

99. "सुनि केवट के बैन, प्रेम लपेटे-अटपटे ।
बिहसे करुणाएन चितह जानकी लखन तन ।"
इन पंक्तियों में प्रयुक्त छन्द है
(1) सोरठा (2) दोहा
(3) चौपाई (4) हरिगीतिका

100. सात्त्विक अनुभाव का भेद नहीं है –
(1) स्तम्भ (2) उच्छ्वास
(3) वैवर्ण्य (4) प्रलय

101. "बतरस लालच लाल की, मुरली धरी लुकाय ।
सौंह करे भौंहनि हँसे, देन कहे नटि जाय ।।"
इन पंक्तियों में कौन सा रस है ?
(1) हास्य (2) करुण
(3) शृंगार (4) वीर

102. अष्टछाप के कवियों में सम्मिलित नहीं है
(1) परमानन्ददास (2) कृष्णदास
(3) चतुर्भुजदास (4) सुन्दरदास

103. निम्नांकित कहानी आन्दोलनों एवं उनके सूत्रधारों से सम्बन्धित युग्मों में से कौन सा युग्म असंगत है ?
(1) सचेतन कहानी – महीपसिंह
(2) समानांतर कहानी – कमलेश्वर
(3) अकहानी – निर्मल वर्मा
(4) सहज कहानी – राजेन्द्र यादव

104. निम्नांकित तार सप्तक में संकलित कवियों से सम्बद्ध कौन सा युग्म असंगत है ?
(1) भारतभूषण अग्रवाल – तार सप्तक (1943)
(2) नंदकिशोर आचार्य – दूसरा सप्तक (1951)
(3) केदारनाथ सिंह – तीसरा सप्तक (1959)
(4) सुमन राजे – चौथा सप्तक (1979)

105. 'कामायनी' की मूल कथा निम्न में से किस ग्रंथ पर आधारित है ?
(1) ऋग्वेद (2) मनुस्मृति
(3) शतपथ ब्राह्मण (4) उपनिषद्

106. कौन सा समुच्चय सुमेलित नहीं है ?
(1) नये बादल, जानवर और जानवर, जख्म – मोहन राकेश
(2) विपथगा, शरणार्थी, अमर वल्लरी – जैनेन्द्र
(3) अभिमन्यु की आत्मकथा, छोटे-छोटे ताजमहल, टूटना – राजेन्द्र यादव
(4) शामी कागज, खुदा की वापसी, सबीना के चालीस चोर – नासिरा शर्मा

107. कबीर के विषय में इनमें से कौन सा कथन गलत है ?
(1) वे शास्त्रीय ज्ञान की अपेक्षा अनुभवजन्य ज्ञान को अधिक महत्त्व देते हैं ।
(2) वे शंकराचार्य के अद्वैतवाद से अप्रभावित रहे ।
(3) वे रामानंद के शिष्य थे ।
(4) उन्होंने भाषा सौष्ठव की ओर अधिक ध्यान नहीं दिया ।

108. 'रामचरितमानस' के 'बालकांड' में इनमें से कौन सा प्रसंग समाहित नहीं है ?
(1) सती का मोह
(2) धनुष-भंग
(3) श्री सीता-राम विवाह
(4) राम-राज्याभिषेक की तैयारी

109. "देखो नंद द्वार रथ ठाढ़ो ।
बहुरि सखी सुफलकसुत आयो पर्‌यो संदेह उर गाढ़ो ।"
यहाँ 'सुफलकसुत' किसके लिए प्रयुक्त हुआ है ?
(1) अक्रूर (2) उद्धव
(3) भौंरा (4) श्रीकृष्ण

110. "जहाँ बैठावें तितही बैठूँ, बेचे तो बिक जाऊँ ।"
उक्त पंक्ति में मीरा का कौन सा मनोभाव व्यंजित हुआ है ?
(1) दीनता
(2) निराशा
(3) अनन्य समर्पण
(4) किंकर्तव्यविमूढ़ता

111. "जुवति जोन्ह में मिलि गई नैंक न होती लखाय ।
सौंधे के डोरै लगी अली चली संग जाय ।।"
प्रस्तुत दोहे में कौन सी नायिका का चित्रण हुआ है ?
(1) प्रोषितपतिका (2) शुक्लाभिसारिका
(3) खंडिता (4) कृष्णाभिसारिका

112. भर गया ऐसा हृदय दुख-दर्द से, फेन या बुदबुद नहीं उसमें उठा ।
खींचकर उच्छ्वास बोले सिर्फ वे 'पार्थ, मैं जाता पितामह पास हूँ ।'
'कुरुक्षेत्र' की उक्त पंक्तियाँ किस चरित्र की मनोदशा को व्यक्त कर रही हैं ?
(1) अर्जुन (2) श्रीकृष्ण
(3) युधिष्ठिर (4) भीम

113. "जिण वन भूल न जांवता गेंद गवय गिडराज
तिण वन जंबुक ताखड़ा ऊधम मंडै आज ।"
उपर्युक्त छंद के अनुसार सिंह के वन में कौन धमाचौकड़ी मचा रहा है ?
(1) गीदड़ (2) हाथी
(3) गेंडा (4) शूकर

114. 'असाध्यवीणा' का संगीत सुनते ही राजा को क्या अनुभव हुआ ?
(1) उन्हें अपनी महानता का बोध हुआ ।
(2) उन्हें चारों ओर अपना जयघोष सुनाई दिया ।
(3) उन्हें अपनी नश्वरता का बोध हुआ ।
(4) उनका अहंकार नष्ट हो गया ।

115. 'उत्साह' नामक निबंध के आधार पर बताइए कि दुख के वर्ग में जो स्थान भय का है, वही स्थान आनंद के वर्ग में किसका है ?
(1) हास्य (2) उत्साह
(3) प्रेम (4) करुणा

116. 'परिन्दे' कहानी के आधार पर बताइए कि मेजर गिरीश नेगी लतिका को 'मैन ईटर ऑफ कुमाओ' कहकर क्यों संबोधित करता था ?
(1) उसके हिंसक स्वभाव के कारण
(2) उसकी बहादुरी के कारण
(3) शिकार में उसकी रुचि के कारण
(4) उसे चिढ़ाने के लिए

117. निम्नांकित विधियों में से व्याकरण शिक्षण के लिए उपयुक्त विधि नहीं है :
(1) भाषा संसर्ग विधि
(2) अनुकरणात्मक विधि
(3) निगमन विधि
(4) आगमन विधि

118. निम्न में से हरबर्टीय विधि से संबंधित कौन सा कथन असत्य है ?
(1) इस विधि के प्रवर्तक हरबर्ट हैं ।
(2) इस विधि में पाँच सोपानों का अनुसरण किया जाता है ।
(3) यह विधि स्मृति स्तर के शिक्षण से सम्बन्धित है ।
(4) यह विधि बोध स्तर के शिक्षण से सम्बन्धित है ।

119. निगमन विधि का सिद्धांत है –
(1) विशेष से विशेष
(2) सामान्य से विशेष
(3) विशेष से सामान्य
(4) सामान्य से सामान्य

120. साहचर्य विधि का आविष्कार किसने किया ?
(1) फ्रॉबेल (2) मॉन्टेसरी
(3) हरबर्ट (4) मिस पार्कहर्स्ट

121. सही सुमेलित कीजिए ।

| | | | |
|---|---|---|---|
| (क) | गद्य शिक्षण | (i) | रसास्वादन विधि |
| (ख) | रचना शिक्षण | (ii) | आगमन विधि |
| (ग) | व्याकरण शिक्षण | (iii) | मौन वाचन |
| (घ) | पद्य शिक्षण | (iv) | संवाद लेखन |

| | क | ख | ग | घ |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (ii) | (iv) | (iii) | (i) |
| (2) | (iv) | (i) | (ii) | (iii) |
| (3) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (4) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |

122. इकाई विधि के किस सोपान में गृहकार्य प्रदान किया जाता है ?
(1) प्रथम (2) तृतीय
(3) षष्ठम् (4) चतुर्थ

123. हिकाल खण्ड योजना किस विधि का विभाजन है ?
(1) व्याख्यान विधि
(2) समवाय विधि
(3) पर्यवेक्षित अध्ययन विधि
(4) व्यतिरेक विधि

124. दल शिक्षण का सर्वप्रथम प्रयोग किया गया
(1) केम्ब्रिज विश्वविद्यालय में
(2) कोलंबिया विश्वविद्यालय में
(3) ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय में
(4) हावर्ड विश्वविद्यालय में

125. भाषा संसर्ग विधि की विशेषताओं से सम्बन्ध नहीं रखने वाले कथन को छाँटिए ।
(1) इस विधि में भाषा की शिक्षा के साथ ही व्याकरण की शिक्षा प्रदान की जाती है ।
(2) इस विधि में व्याकरण का सैद्धांतिक ज्ञान न दिया जाकर व्यावहारिक ज्ञान प्रदान किया जाता है ।
(3) इस विधि में व्याकरण का व्यावहारिक ज्ञान न दिया जाकर सैद्धांतिक ज्ञान दिया जाता है ।
(4) इस प्रणाली में व्याकरण के नियमों का ज्ञान कराये बिना, भाषा के शुद्ध रूप का प्रयोग सिखाया जाता है ।

126. रेखीय अभिक्रमित अनुदेशन का दूसरा नाम है
(1) शाखीय अभिक्रमित अनुदेशन
(2) बाह्य अभिक्रमित अनुदेशन
(3) मैथेमेटिक्स अभिक्रमित अनुदेशन
(4) कम्प्यूटर सहाय अनुदेशन

127. निम्न में कौन सी विधि अपेक्षाकृत व्ययसाध्य मानी जाती है ?
(1) सैनिक विधि
(2) भाषा–शिक्षण यंत्र विधि
(3) अभिक्रमित अनुदेशन विधि
(4) अनुकरण विधि

128. "सूक्ष्म शिक्षण अध्यापन नियंत्रित अभ्यास का सूत्र है, जिसमें एक विशिष्ट अध्यापन व्यवहार को नियंत्रित दशाओं में सीखना संभव है ।" सूक्ष्म शिक्षण की यह परिभाषा निम्न में से किसने दी ?
(1) बी.के. पासी (2) डेविड यंग
(3) एलन और ईव (4) क्लिफ्ट

129. अध्यापक का सहमति में सिर हिलाना किस पुनर्बलन के अन्तर्गत आता है ?
(1) सकारात्मक शाब्दिक पुनर्बलन
(2) सकारात्मक अशाब्दिक पुनर्बलन
(3) नकारात्मक शाब्दिक पुनर्बलन
(4) नकारात्मक अशाब्दिक पुनर्बलन

130. संचालन, हाव–भाव, मौखिक दृश्य परिवर्तन, विराम आदि घटक निम्न में से किस सूक्ष्म शिक्षण कौशल के घटक हैं ?
(1) उदाहरण सहित दृष्टांत कौशल
(2) श्यामपट्ट लेखन कौशल
(3) उद्दीपन परिवर्तन कौशल
(4) प्रस्तावना कौशल

131. श्रवण, पठन, लेखन आदि किस उद्देश्य के अन्तर्गत आते हैं ?
(1) भावात्मक उद्देश्य
(2) ज्ञानात्मक उद्देश्य
(3) सृजनात्मक उद्देश्य
(4) कौशलात्मक उद्देश्य

132. 'कुछ विशिष्ट उद्देश्यों की पूर्ति हेतु विद्यार्थियों को ऐसी एक–दूसरे की पूरक अनुभूतियों से युक्त क्रियाएँ कराना, जो मिलकर एक इकाई बन जाती हैं ।'
उपरोक्त कथन निम्न में से किससे सम्बन्धित है ?
(1) पाठ योजना (2) शिक्षण विधियों
(3) इकाई योजना (4) शिक्षण कौशल

133. सीतावाद्य किस तरह की शिक्षण सहायक सामग्री है ?
(1) दृश्य (2) श्रव्य
(3) श्रव्य–दृश्य (4) स्पर्श्य

134. निम्नांकित में से कौन सा जोड़ा सुमेलित नहीं है ?
(1) विश्वसनीयता – छात्रों द्वारा प्राप्त अंकों में विचलन न हो तथा पुनः मूल्यांकन के पश्चात् भी अंक समान हो ।
(2) वस्तुनिष्ठता – परीक्षक की रुचि, भावना व दृष्टिकोण का मूल्यांकन पर प्रभाव नहीं पड़ता हो ।
(3) विभेदीकरण – मूल्यांकन सक्षम–असक्षम छात्रों में भेद करने की सामर्थ्य रखता हो ।
(4) वैधता – परीक्षक की रुचि, भावना व दृष्टिकोण का मूल्यांकन पर प्रभाव पड़ता हो ।

135. सतत् एवं व्यापक मूल्यांकन की विशेषता नहीं है
(1) विद्यार्थियों का चहुँमुखी विकास
(2) विद्यार्थियों को परीक्षा के भय से मुक्त करना
(3) निदानात्मक व उपचारात्मक शिक्षण में सहायक
(4) विद्यार्थियों में रटने की प्रवृत्ति विकसित करना

136. मूल्यांकन शिक्षण आयाम किसके द्वारा प्रतिपादित किया गया ?
(1) ब्लूम (2) हरबर्ट
(3) मॉरीसन (4) ग्लोवर

137. इनमें से कौन सा कथन गलत है ?
(1) 'अ' कंठ्य ध्वनि है।
(2) स्वर अघोष ध्वनियाँ होती हैं।
(3) 'ऊ' ओष्ठ्य ध्वनि है।
(4) 'क' स्पर्श व्यंजन है।

138. इनमें से किस विकल्प में सभी ध्वनियाँ दंत्य हैं ?
(1) त, थ, श (2) त, द, ष
(3) द, ध, ह (4) त, थ, स

139. निम्नलिखित में 'तत्सम' शब्द है :
(1) मुख (2) हाथ
(3) दाँत (4) कान

140. इनमें से किस विकल्प में एक भी तत्सम शब्द नहीं है ?
(1) इष्टिका, श्मश्रु, प्रत्यभिज्ञान
(2) ईंट, मूँछ, पहचान
(3) ईंट, श्मश्रु, पहचान
(4) इष्टिका, मूँछ, प्रत्यभिज्ञान

141. 'उर्दू' शब्द किस भाषा का है ?
(1) अरबी (2) पुर्तगाली
(3) तुर्की (4) फारसी

142. इनमें से कौन सा 'तद्भव शब्द' है ?
(1) मयूर (2) काक
(3) उलूक (4) कोयल

143. इनमें से कौन सा शब्द 'विदेशी मूल' का नहीं है ?
(1) किताब (2) पानी
(3) मेहमान (4) मरीज

144. निम्नांकित में 'देशज' शब्द है :
(1) कठपुतली (2) मेला
(3) रेवड़ (4) पोटली

145. भाववाचक संज्ञा का उदाहरण है –
(1) बूढ़ा (2) बच्चा
(3) यौवन (4) लड़का

146. निम्नलिखित में से कौन सा शब्द विशेषण नहीं है ?
(1) अच्छा (2) धोखा
(3) प्रथम (4) अनेक

147. अकर्मक क्रिया का उदाहरण है –
(1) पढ़ना (2) खाना
(3) देखना (4) रोना

148. इनमें से किस वाक्य में पूर्वकालिक क्रिया प्रयुक्त हुई है ?
(1) वह कल गया।
(2) मालिक ने चौकीदार से फाटक खुलवाया।
(3) बालक पढ़कर सो गया।
(4) उसने यह कार्य बच्चे से करवाया।

149. इनमें से कौन सा शब्द-भेद अव्यय कहलाता है ?
(1) संज्ञा (2) सर्वनाम
(3) विशेषण (4) क्रिया-विशेषण

150. इनमें से कौन सा शब्द 'समुच्चयबोधक अव्यय' नहीं है ?
(1) परन्तु (2) इसलिए
(3) सामने (4) एवं

रफ कार्य के लिए स्थान